तापमान

अधिकतम 27.2 डिग्री

न्यूनतम 15.6 डिग्री

हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, मंगलवार 31 दिसंबर 2024

12 पवित्र मन व विधि विधान से माता तुलसी के पूजन से ...



12 बागबाहरा स्कूल में स्काउट-गाइड कैंप का ...





## खबर संक्षेप

### कार की टक्कर से बाइक चालक घायल

**महासमुंद।** सरायपाली में बैंक के सामने एक कार चालक ने बाइक चालक को ठोकर मारकर घायल कर दिया। पुलिस ने बताया कि 27 दिसंबर को राजेश कुमार गुप्ता अपने मोटर सायकल से पीएनबी गए थे। जब वे वापस जा रहे थे तभी दोपहर करीब 2 बजे बैंक के सामने रोड में ब्रेजा कार क्रमांक सीजी 09 जेएच 2401 के चालक के चालक के द्वारा तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर मोटर सायकल को एक्सीडेंट कर दिया, जिससे राजेश गुप्ता गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें रायपुर के निजी अस्पताल में में भर्ती कराया गया है। मामले में आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 125(ए), 281 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### संयुक्त टीम ने किया कंपनी का निरीक्षण

**महासमुंद।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी विनय कुमार लंगेह के आदेश के परिपालन में जिला स्तरीय गठित संयुक्त टीम द्वारा शिवालिक पावर एंड स्टील प्रा.लि. ग्राम बेलसोंडा (महासमुंद) जाकर जांच किया गया। निरीक्षण के दौरान डीएन पात्र श्रम पदाधिकारी (श्रम विभाग), सिद्धार्थ दुबे (नापतौल विभाग) उपस्थित रहे। जिसमें विधिक मापविज्ञान विभाग (नापतौल विभाग) की जांच में संस्थान में उपयोग किए जा रहे तौल उपकरण धर्मकांटे, छोटे इलेक्ट्रॉनिक तौल उपकरण, थाट इत्यादि मानकों के अनुरूप व सत्यापित पाए गए। संस्थान में धर्मकांटे की जांच नियमित अंतराल समय-समय पर बाट द्वारा किए जाने के लिए निर्देशित किया गया एवं वजन में अधिक अंतर आने पर उपकरण का उपयोग तुरंत बंद कर विभाग को सूचित करने के निर्देश दिया गया। श्रम विभाग द्वारा जांच में दो ठेकेदारों के द्वारा श्रम अधिनियम अंतर्गत अनुज्ञप्ति प्राप्त करना पाया गया। जिसका वैधता अवधि 31 दिसंबर 2024 होना पाया गया।

# मुस्लिम समुदाय के दो पक्ष आपस में भिड़े, एक-दूसरे पर लाठी, रॉड और चाकू से हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में महासमुंद सर्किट हाउस में उस वक्त अफरा तफरी मच गई जब मुस्लिम समुदाय के दो पक्ष आपस में ही वक्फ बोर्ड के चेयरमैन सलीम राज के सामने भिड़ गए। वाद विवाद इतना बढ़ा की लाठी, डंडे, रॉड और चाकू-तलवार तक निकल गए। एक-दूसरे पर जमकर हमला हुआ और कई लोगों के सिर फूटे को कई लहूलूहान हो गए। किसी को चाकू मारा गया तो कई वाहनों पर भी आपस में आक्रोश उतारा गया।

सर्किट हाउस में प्रेस वार्ता के दौरान शुरु हुई मारपीट की घटना की सूचना मिलते ही सिटी कोतवाली पुलिस पहुंची और भीड़ को तितर बितर किया। बता दें कि स्थानीय सर्किट हाउस में डॉक्टर सलीम राज अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बोर्ड वक्फ बोर्ड समितियों और संस्था के पदाधिकारियों के कार्यों की समीक्षा करने पहुंचे थे। जिला मुख्यालय पहुंचते ही अंबेडकर चौक में हुए स्वागत समारोह के दौरान ही दोनों पक्षों में आपसी तनातनी शुरु हो चुकी थी जो सर्किट हाउस पहुंचकर डॉ. सलीम राज द्वारा ली जा रही प्रेस वार्ता के बीच खूनी संघर्ष में तब्दील हो गई। मामला पूरा पदाधिकारियों के गठन और हिसाब किताब से जुड़ा है। जिसके चलते दोनों पक्षों में काफी दिनों से अंदरूनी विवाद चल रहा था जो सोमवार को सतह पर आ गया।

## किसी को चाकू मारा गया तो कई वाहनों पर भी आपस में आक्रोश को उतारा

### आधे घंटे तक चली मारपीट

वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष सर्किट हाउस पहुंचे और प्रेसवार्ता शुरू कर अपनी बात पूरी भी नही कर पाए थे और उनके सामने ही मुस्लिम समुदाय के दोनों गुट आपस में भिड़ गए। गुटीय संघर्ष के बीच वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष को सर्किट हाउस के एक कमरे में सुरक्षित किया गया। सर्किट हाउस के बाहर भी लगभग 20 से 25 मिनट तक एक दूसरे पर लात घूंसों, लाठी, रॉड और चाकू एक-दूसरे पर वार होते रहे।



### रात तक डटे रहे एफआईआर दर्ज कराने

देर शाम तक दोनों पक्ष अपनी-अपनी दलीलों और शिकायतों के साथ एक-दूसरे पर एफआईआर दर्ज कराने सिटी कोतवाली में डटे रहे। मामले में समाचार लिखे जाने तक एफआईआर दर्ज नहीं हुई थी वहीं पुलिस दोनों पक्षों की बात को सुन शांति के प्रयास में जुटी रही।

**विडंबना:** अवैध रेत खदानों के अलावा भी घाट हो रहे संचालित, केवल जब्ती और जुर्माना हो रहा, एफआईआर नहीं

# जब छुट्टी में रहते हैं अफसर तो दिन-रात होता है रेत का खुलेआम अवैध उत्खनन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

रेत उत्खनन के मामले में प्रशासन द्वारा

- महासमुंद विस क्षेत्र में दो खदानों को छोड़ सभी अवैध रूप से संचालित

लगातार कार्रवाई जारी है। कार्रवाई लगातार इसलिए जारी है क्योंकि जिले के वैध खदानों के साथ अवैध खदानों में चोरी छिपे अवैध उत्खनन जारी है। और जब सरकारी छुट्टी होती है और अफसर छुट्टी पर होते हैं तब रेत घाटों से अवैध उत्खनन दोगुनी गति से होता है।

बता दें कि महासमुंद विधानसभा क्षेत्र में दो खदानों को छोड़कर अन्य सभी खदानें अवैध रुप से संचालित की जा रही है। रात होते ही नदी के उस पार से मशीनें घाट में पहुंचती है या दिन में गांव के जंगल में छिपाई गई मशीनों को रात में उतार कर अवैध उत्खनन कराया जाता है। ऐसा नही है कि प्रशासन इन पर कार्रवाई नही करना चाहता। लेकिन, सत्ता पक्ष के ऊपरी दबाव के चलते प्रशासन भी कई मामलों में स्वयं को लाचार पाता है। इधर, लगातार अवैध उत्खनन से सत्ता पक्ष की छबि पर सीधा असर पड़ता है जबकि, अधिकतर लोग सत्ता पक्ष के लोगों की ही पहुंच लेकर प्रशासन को अवैध खदान संचालन के लिए गैंग बनाकर कार्य करने की जानकारी देते हैं। केडियाडीह, मोहकम, सेनकपाट, चिंगरौद, लाफिन सहित कई अन्य खदानों में निर्बाध अवैध उत्खनन जारी है। वहीं इसके कारण वैध घाटों का ठेका लेने वाले संचालक स्वयं को ठगा सा महसूस कर रहे हैं। वैध खदानों के संचालकों की मानें तो रेत घाटों के गांवों में पहुंचकर दिए जा रहे प्रलोभन और संचालन की स्थानीय अनुमति से वे शासन को दिया जाने वाला राजस्व तक नही जुटा पा रहे।



खनन

वाहनों को रोककर पुलिस और प्रशासन के हवाले किए जाने की थी तैयारी

केडियाडीह रेत घाट में राजधानी के अवैध उत्खननकर्ताओं ने उतारी दो मशीनें, जल्द ही संघर्ष में तब्दील होने के आसार

फॉलोअप

### प्रक्रिया की अनदेखी कर हो रहा उत्खनन

बता दें कि जिले भर में रेत का अवैध उत्खनन एक गंभीर समस्या बन चुकी है, जो पर्यावरणीय असंतुलन, जलवायु परिवर्तन, और स्थानीय लोगों की सुरक्षा के लिए भी खतरा पैदा कर रही है। रेत माफिया और अवैध खनन गतिविधियों में शामिल लोग नियमों की अनदेखी करते हुए स्थानीय प्रशासन से बचने जालसाजी करते हुए राजस्व को भी भारी क्षति पहुंचा रहे हैं। रेत उत्खनन के लिए विशेष लाइसेंस और पर्यावरणीय अनुमति की आवश्यकता होती है। लेकिन, अवैध खनन में इस प्रक्रिया की अनदेखी की जाती है।

### एफआईआर के निर्देश लेकिन, अवैध उत्खनन जारी

कलेक्टर लंगेह ने निर्देश दिए हैं कि रेत के अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण में शामिल लोगों के खिलाफ प्राथमिकी (एफआईआर) दर्ज कर सख्त कार्रवाई की जाए। लेकिन, अवैध रेत उत्खननकर्ताओं द्वारा अफसरों के अवकाश में रहने का फायदा उठाते हुए रात में उत्खनन कराया जा रहा है। रात में केडियाडीह और मोहकम जैसी रेत खदानों में चोरी छिपे मशीनों को उतार कर उत्खनन हो रहा है वहीं बिना पीट पास के वाहनें धड़ल्ले से खदानों से निकाली जा रही है। क्षेत्र के कुछ खदानों को छोड़कर अन्य खदानें अवैध रुप से संचालित की जा रही है।

### साल भर में हुई कार्रवाई का ब्यौरा

जिले में खनिज विभाग द्वारा वर्ष 2024 -25 में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशन में रेत के अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण पर कठोर कार्रवाई की गई। इस दौरान शर्तों के उल्लंघन पर छह रेत भंडारण अनुज्ञाप्तियां निरस्त कर, प्रत्येक से 50,000 रुपए की प्रतिभूति राशि सहित कुल 3 लाख रुपए राजसात किए गए। अवैध उत्खनन के एक प्रकरण में 1,67,500 रुपए की समझौता राशि वसूली गई। वहीं, अवैध परिवहन के आठ प्रकरणों से 1,09,500 रुपए की वसूली की गई। जिले में निविदा के माध्यम से आठ रेत खदानों का आवंटन किया गया, जिनमें से सात खदानें बड़गांव 1, बड़गांव 2, बरबसपुर, लाफिनखुर्द, लामीसरार, मुडियाडीह, बल्दीडीह सक्रिय हैं। साथ ही छह अस्थायी रेत भंडारण अनुज्ञाप्तियां ग्राम बरबसपुर और बिरकोनी में संचालित हैं। अब तक हुई कार्रवाई में अवैध उत्खनन के 07 प्रकरणों से 14,52,500 रुपए की वसूली। अवैध परिवहन के 166 प्रकरणों से 25,92,886 रुपए और अवैध भंडारण के 17 प्रकरणों से 11,73,250 रुपए। इस तरह कुल 52,18,636 रुपए का राजस्व की वसूली की गई है।

### दुकान के सामने गाड़ी रखी तो, मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

दुकान के सामने गाड़ी खड़ा कर पानी लेने गए एक शख्स और उसके साथी के साथ किराना व्यवसायी बाप-बेटे ने मारपीट कर दी। सरायपाली पुलिस ने प्रार्थी की रिपोर्ट पर मामले की विवेचना शुरू कर दी।

ग्राम बिरकोल निवासी परमेश्वर सोनी 28 दिसंबर की रात 8:30 बजे रवि त्रिपाठी के किराना दुकान के पास पानी लेने अपने साथी तरूण श्रीवास के साथ अपनी वाहन फोर्ड फिस्टा क्रमांक ओआर02 बीजे 0023 से गया था। वाहन को प्रार्थी ने रविनारायण त्रिपाठी के किराना दुकान के पास खड़ा किया था, तभी रविनारायण त्रिपाठी के पिता कृष्णराज त्रिपाठी आए और कहा कि यहां गाड़ी क्यों खड़ी किए हो। जिस पर प्रार्थी ने कहा कि टंकी से पानी भरने आया हूं तो उसने अपने लड़के रविनारायण त्रिपाठी को फोन कर बुलाया इसके बाद दोनों ने यहां गाड़ी खड़ी करने किसने कहा है कहते हुए गाली गलौज कर मारपीट करने लगे, साथ ही जान से मारने की धमकी दी।

जब प्रार्थी के साथी तरूण श्रीवास बीच बचाव किया तो उसके साथ भी आरोपियों ने मारपीट की। पुलिस ने मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

## शहर के नागरिकों को मिले अच्छी सड़क : नपाध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शहर में नगर पालिका अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग के नेतृत्व में विकास कार्यों का दौर जारी है। इसी क्रम में सोमवार को शहर के वार्ड 08 में नपाध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग व पार्षदों ने वार्ड के नागरिकों की उपस्थिति में सीसी रोड निर्माण के लिए भूमिपूजन किया। इस अवसर पर श्रीमती महिलांग ने कहा कि अपने अल्प समय के कार्यकाल में शहरवासियों को बेहतर सड़क की सुविधा मिल सके, इसके लिए लगातार शहर के वार्डों में सड़क निर्माण कार्य जारी है। भूमिपूजन में पार्षद हफीज कुरैशी, रिंकू चंद्राकर, मीना वर्मा समेत वार्डवासी मौजूद रहें।

## शासकीय जमीन की अवैध खरीदी-बिक्री का विरोध करने पर फंसाने की धमकी, कलेक्टर से शिकायत

### महिला ने कलेक्टर से कार्रवाई करने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय जमीन की खरीदी-बिक्री का विरोध करने वाली महिला और उसके परिवार को एससीएसटी एक्ट में फंसाने की धमकी देने का मामला सामने आया है। महिला ने इसकी शिकायत कलेक्टर और एसपी महासमुंद से की है।

शिकायत करने वाली महिला यासमीन कुरैशी निवासी वार्ड 3 बागबाहरा ने कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन में कहा है कि एनएल 353 रोड से लगे पूर्व एचपी गैस आफिस की गली में 04 से 05 एकड़ शासकीय जमीन है तथा सामने भाग में रजिस्टर्ड प्लाट है, जिसका संजय अग्रवाल एवं मनीष जैन के द्वारा फायदा उठाते हुए लोगों को बरगलाते हुए हमारी जमीन है, ऐसा कहकर लोगों को धोखाधड़ी करते हुए अवैध प्लाट काटकर 550 रुपए प्रति वर्गफीट की दर पर लोगों को विक्रय किया जा रहा है। जबकि बाजू में नगरपालिका बागबाहरा द्वारा साप्ताहिक बाजार एवं सीसी रोड का उसी जमीन में आने जाने के लिए निर्माण किया गया है, जिससे जमीन की वेल्यू अत्यधिक बढ़ गई है। बागबाहरा के पूर्व अधिकारी जो पेशे से इंजीनियर है तथा नगर पालिका के अधिकारी से मिलीभगत करके उपरोक्त जमीन को बिक्री किया जा रहा है।

महिला ने बताया कि जब उसके द्वारा विरोध किया गया तो हमारे आने जाने के रास्ते में 05 फीट ऊंचा एवं 50 फीट लंबा दीवार बना दिया गया है, जबकि पूर्व में वह जगह आम रास्ता था। जहां से हम लोग आना जाना करते थे। जिसकी शिकायत करने पर भी कोई कार्रवाई नहीं की गई। महिला ने बताया कि कुछ दिनों पूर्व मनीष जैन एवं संजय अग्रवाल से दीवार तोड़ने के लिए कहा तो वे कहते हैं कि आप इसे खरीद क्यों नहीं लेती, लेकिन मेरे द्वारा शासकीय भूमि को खरीदने से मना किया गया। कुछ दिनों से मेरे पड़ोस में रहने वाले नीरा बरिहा जो उनके यहां नौकरानी का काम करती है के द्वारा कांटे का पेड़ एवं अपने घर की सारी गंदगी मेरे घर में डाल रही है, विरोध करने पर गाली गलौज करती है। महिला ने कलेक्टर से कार्रवाई करने की मांग की है।

### शराब पीने की सुविधा देने वाले पर कार्रवाई

**महासमुंद।** शराब पीने की सुविधा उपलब्ध कराने वाले व्यक्ति पर बसना पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस को सूचना मिली थी कि ग्राम गधहाभांठा में एक व्यक्ति अपने घर के सामने लोगों को शराब पीने पिलाने की सुविधा उपलब्ध करा रहा है। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने कार्रवाई की। पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम राधेश्याम दास पिता रत्थो दास (41 वर्ष) गधहाभांठा बताया। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 36(सी) के तहत कार्रवाई की गई।

पाठक सूचना

महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9981131365, 9098324969

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने ली समय-सीमा की बैठक

# लोगों की समस्याओं का तत्परता से निराकरण करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने सोमवार को समय सीमा की बैठक ली। बैठक में जिला पंचायत सीईओ एस आलोक, अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे तथा अन्य विकासखंड अधिकारी वीसी के माध्यम से जुड़े थे।

कलेक्टर ने कहा कि शासकीय कार्यालयों में अपनी समस्या लेकर आने वाले नागरिकों से संवेदनशीलता के साथ मिले और समस्याओं का समुचित निराकरण करें। उन्होंने कहा कि आम नागरिक बहुत उम्मीद के साथ कार्यालयों में आते है, ऐसे में उनके साथ उचित व्यवहार करते हुए उनकी समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुने और निराकरण करें। कलेक्टर ने कहा कि राजस्व प्रकरणों का निराकरण समय सीमा में करें। समय सीमा कई बैठक में कलेक्टर ने अवैध रेत उत्खनन के प्रकरण पर संलिप्त लोगों पर एफआईआर करने के निर्देश दिए है। उन्होंने खनिज एवं राजस्व विभाग को नियमित रूप से कार्रवाई करने कहा है। इसी तरह अवैध शराब विक्रय और अनियमितता पाए जाने पर संलिप्त कर्मचारियों के विरूद्ध भी एफआईआर करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने धान खरीदी की समीक्षा करते हुए कहा कि धान खरीदी किसी भी शर्त में बंद न हो। उठाव की स्थिति की समीक्षा करते हुए उन्होंने संग्रहित धान का उठाव तेज करने के निर्देश दिए हैं। मार्कफेड और नान के अधिकारियों ने बताया कि उठाव लगातार जारी



है। उन्होंने आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि उठाव नियमित तौर से होता रहे। उन्होंने कहा कि ऐसी नौबत आने की संभावना को देखते हुए पूर्व से ही तैयार कर लें। खाद्य अधिकारी ने बताया कि धान खरीदी सुचारु रूप से जारी है। कलेक्टर ने मौसम के अनुरूप धान स्टेकिंग को कवर करने के निर्देश दिए। उन्होंने महतारी वंदन योजना अंतर्गत मृत हितग्राहियो के नाम विलोपन करने कहा। साथ ही कहा कि यह भी ध्यान रखे कि दूसरे व्यक्ति के नाम से राशि ना डाली जाए। जो पात्र महिला हितग्राही है उन्हें ही लाभ मिले। इसके लिए सभी परियोजना अधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए है।

कलेक्टर ने बैठक के दौरान बताया कि त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के लिए आरक्षण की प्रक्रिया के संबंध में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संशोधित समय-सारणी घोषित कर दी गई है। जिले में जिला पंचायत सदस्य, जनपद अध्यक्ष, जनपद सदस्य, सरपंच एवं पंच पदों के लिए प्रवर्गवार आरक्षण की प्रक्रिया नियमानुसार पूरी की जाएगी। इस संबंध में सभी जनपद सीईओ को आवश्यक तैयारी के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर लंगेह ने श्रम एवं उद्योग विभाग को औद्योगिक क्षेत्रों का नियमित निरीक्षण के निर्देश दिए हैं। साथ ही कहा कि अनियमितता पाए जाने पर कारवाई भी सुनिश्चित करें। विभिन्न आयोगों से प्राप्त पत्रों का समय सीमा में जवाब देने के निर्देश दिए गए।

इसके अलावा मुख्यमंत्री जनदर्शन, कलेक्टर जन चौपाल, जनसमस्या निवारण शिविर में प्राप्त मांग एवं शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण के निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान बागबाहरा के दिव्यांग हितग्राही रामचंद्र कोसरे को मोटराइज्ड मोटर सायकल प्रदान किया गया। ज्ञात है कि उन्होंने अपनी समस्या को लेकर कलेक्टर को आवेदन दिया था, जिस पर त्वरित निराकरण करते हुए कलेक्टर द्वारा चाबी सौंपा गया।

आवश्यकता है

महासमुंद जिला कार्यालय में संपादकीय विभाग में

रिपोर्टर (2 पद)

के लिए आवेदन आमंत्रित हैं।

अनुभवी को प्राथमिकता

(हिंदी टायपिंग अनिवार्य)

इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ कार्यालय में संपर्क करें। समयः सुबह 11 से शाम 5 बजे तक

-संपर्क करें-

99811-31365

Email-haribhoomi.msmd@gmail.com

हरिभूमि प्रीतम प्राइड कॉम्पलेक्स, स्वामी चौक-महासमुंद

**खबर संक्षेप**



### माता-बहनों को निडर बनाने के लिए आत्मरक्षा शिविर का समापन

**रायपुर।** मातृ शक्ति, माताओं-बहनों को निडर और सशक्त बनाने के लिए आयोजित सात दिवसीय निशुल्क आत्मरक्षा शिविर का समापन किया गया। यह शिविर देवेंद्र नगर स्थित गरबा ग्राउंड में लगाया गया था। इस अवसर पर साधु-संतों ने आशीर्वाद की वर्षा की। इस कार्यक्रम को संत महासभा के प्रदेश अध्यक्ष स्वामी राजेश्वरानंद, किन्नर अखाड़ा साध्वी सौम्या, उपाध्याय निराहार, वेद प्रकाश महाराज, आयोजक विजय क्षत्री द्वारा अपने पिता स्व. लालचंद क्षत्री की स्मृति में आयोजित किया है। सहयोगी टीम झूलेलाल नवयुवक संघ है। संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि उनके द्वारा देखा सपना सच हुआ और प्रथम शिविर सफल हुआ था, उसके बाद द्वितीय शिविर आयोजित किया गया है। हम सभी 24 घंटे अपनी माता, बहन-मातृशक्ति के साथ नहीं रहते, इसके लिए हमें हमारे परिवार की हर मातृशक्ति को निडर, सक्षम, बनाने के लिए शिविर के आयोजन किए जाते हैं और सनातन धर्म संस्कृति से भी आज की युवा पीढ़ी अवगत हो, ये भी प्रयास रहता है। उन्होंने बताया कि विशेष सहयोगी विजय क्षत्री, विश्व हिंदू परिषद- बजरंग दल, चैंबर ऑफ कॉमर्स, युवा छग सिंधी पंचायत, झूलेलाल नवयुवक संघ, सनातनी हिंदू सिंधु युवा आदि हैं।

### उपन्यास 'मोड़ के बाद' का विमोचन हुआ

**रायपुर।** वृंदावन हॉल सिविल लाईन रायपुर में पूर्व एडी. कलेक्टर निर्मल तिग्गा द्वारा लिखित पुस्तक मोड़ के बाद का विमोचन किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व जिला एवं सत्र न्यायाधीश गनपत राव एवं अध्यक्षता विजय एक्का ने की, विशिष्ट अतिथि पूर्व राजस्व सचिव अनूप श्रीवास्तव तथा पूर्व डीआईजी किशोर अग्रवाल थे। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के बीस जिलो से साहित्य में रूचि रखने वाले प्रतिनिधियों ने भाग लिया। पुस्तक की विस्तृत विवेचना साहित्यकार के.पी. सक्सेना ने की, उन्होंने कहा कि पुस्तक इतनी रोचक है कि कोई इसे पढ़ना प्रारंभ करता है तो वह व्यक्ति अंत तक पुस्तक को पढ़ने के लिये विवश सा हो जाता है। इस अवसर पर भूलनकांदा फिल्म के लेखक–डायरेक्टर, साहित्यकार संजीव बक्शी ने अपने विचार व्यक्त करते हुये कहा कि पुस्तक मोड़ के बाद आदिवासी संस्कृति की एक मार्मिक और स्नेहित गाथा है। पुस्तक के लेखक निर्मल तिग्गा ने कहा कि इस उपन्यास में आदिवासी अंचल के एक व्यक्ति की यथार्थ घटना है, जिसे काल्पनिक नाम देकर उकेरने का प्रयास किया है। किशोर अग्रवाल ने कहा कि यह उपन्यास अत्यंत रोचक है, आदिवासी अंचल की रीतियो, भारतीय संस्कृति और वेदो की उक्तियो से ओत–प्रोत है और यथार्थ घटना को उपन्यास का रूप देने का कल्पनातीत एवं अनुपम कार्य किया गया है।

### स्वामी आत्मानंद कॉलेज अटारी में वार्षिक क्रीड़ा स्पर्धा




**रायपुर।** स्वामी आत्मानंद कॉलेज अटारी में वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता का उद्घाटन प्राचार्य डॉ. समरेंद्र सिंह एवं अभया जोगलेकर ने किया। प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता के अंतर्गत कॉलेज स्टॉफ की गोला फेंक प्रतियोगिता हुई, तथा विद्यार्थियों के लिए एथलेटिक्स, व्हॉलीबॉल, टेबल टेनिस, बैडमिंटन आदि प्रतियोगिताएं रखी गईं, जिसमें व्हॉलीबॉल में बीएससी संकाय ने प्रथम, बीसीए संकाय ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। यह जानकारी कॉलेज के क्रीड़ा अधिकारी प्रकाश चंद्रवंशी ने दी।

# पीएससी का इंग्लिश प्रेम..! मात्र 13 विषय के प्राध्यापकों को बुलाया सत्यापन के लिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खास खबर

विवादों से जूझ रहा छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग अपनी गलतियां बार-बार दोहरा रहा है। इससे प्राध्यापक पद के दावेदार हलाकान हो गए हैं। उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत 30 विषयों में प्राध्यापकों के 595 पदों के लिए भर्ती निकाली गई थी।

इन पदों के दावेदारों का दस्तावेज सत्यापन पीएससी द्वारा करते हुए आगे की प्रक्रिया पूर्ण की जानी थी, लेकिन पीएससी को इंग्लिश सहित कुछ विषयों से ऐसा प्रेम हुआ कि इनके अतिरिक्त अन्य विषयों के उम्मीदवारों को बुलाना तो दूर अधिसूचना जारी करना भी राज्य लोक सेवा आयोग भूल बैठा। दस्तावेज सत्यापन की यह प्रक्रिया पहले से ही विवादों में रही है। पीएससी ने सर्वप्रथम 2 से 16 दिसंबर तक सभी 30 विषयों के उम्मीदवारों को दस्तावेज सत्यापन के लिए बुलाया था। विशेषज्ञ ना होने के कारण प्रथम दिवस चार घंटे में एक भी उम्मीदवार के दस्तावेज जांचे नहीं जा सके थे। इसके बाद पीएससी ने इसे रद्द कर दिया था। पुनः अधिसूचना जारी करते हुए पीएससी ने 13 विषयों के 255 उम्मीदवारों को 10 से 17 दिसंबर तक डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के लिए बुलाया। इन 13 विषयों के अलावा शेष विषयों के उम्मीदवार अब भी बुलावा मिलने का इंतजार कर रहे हैं।

**उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत 30 विषयों में प्राध्यापकों के 595 पदों पर होनी है भर्ती**




- मात्र 13 विषयों में ही दस्तावेज सत्यापन, शेष के लिए अधिसूचना भी नहीं
- हिंदी-वेद वाले अभ्यर्थी ताक रहे राह, लोक सेवा आयोग ने भुलाया

#### नहीं मिल रहे हैं विशेषज्ञ

अंदरूनी सूत्रों के अनुसार, पीएससी को प्राध्यापक पद के उम्मीदवारों के लिए दस्तावेज का सत्यापन करने विशेषज्ञ नहीं मिल रहे हैं। प्राध्यापक पद के लिए रिसर्च वर्क सहित अन्य अकादमिक कार्यों की गणना होती है। रिसर्च प्रकाशन सहित अन्य कार्यों के स्तर के अनुसार उनके लिए अंक निर्धारित होते हैं। इन अंकों का निर्धारण करने के लिए पीएससी को विशेषज्ञ नहीं मिल रहे हैं। पूर्व में भी पीएससी को एक्सपर्ट नहीं मिलने के कारण ही दस्तावेज सत्यापन की प्रक्रिया स्थगित करनी पड़ी थी। बाद में पीएससी ने प्रक्रिया बदलते हुए ऑनस्पॉट सत्यापन करने के स्थान पर अभ्यर्थियों से निर्धारित प्रपत्र में जानकारी देने कहा था।

#### इन विषयों का सत्यापन पूर्ण

अंग्रेजी, माइक्रोबायोलॉजी, लोक प्रशासन, प्राचीन भारतीय इतिहास, बायोटेक्नोलॉजी, सैन्य विज्ञान, ज्योतिष, दर्शनशास्त्र, मानवशास्त्र, इतिहास, संस्कृत, विधि एवं गृह विज्ञान।

#### इन विषयों के उम्मीदवार कर रहे इंतजार

हिंदी, राजनीति विज्ञान, अर्थशास्त्र, समाजशास्त्र, भूगोल, भौतिक शास्त्र, गणित, रसायन शास्त्र, वनस्पति शास्त्र, प्राणीशास्त्र, कंप्यूटर साइंस, कंप्यूटर एप्लीकेशन, भूगर्भशास्त्र, वाणिज्य शास्त्र, मनोविज्ञान, वेद और सूचना प्रौद्योगिकी।

कवासी लखमा, उनके बेटे सहित अन्य पूछताछ के लिए आज ईडी दफ्तर तलब

# शराब घोटाला मामले में लखमा ने कहा- मैं तो अनपढ़, अफसर जहां बोले, सिग्नेचर कर दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

दो हजार करोड़ रुपए से ज्यादा के शराब घोटाला मामले में पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा, उनके बेटे हरीश लखमा सहित अन्य को सोमवार को पूछताछ के लिए ईडी ने समंस जारी किया है। श्री लखमा ने खुद इसकी पुष्टि की है। श्री लखमा ने बताया कि उन्हें तथा उनके बेटे को ईडी ने सोमवार को पूछताछ करने अपने कार्यालय तलब किया है। ईडी ने शनिवार को जिन लोगों के यहां रेड की थी, उनकी प्रॉपर्टी की जानकारी हासिल करने संबंधित जिलों के रजिस्ट्री कार्यालय को पत्र लिखा जाएगा। साथ ही बैंक ट्रांजेक्शन की जानकारी के लिए बैंको को पत्र लिखेंगे।

हरिभूमि फॉलोअप

छापे की कार्रवाई के बाद कवासी लखमा का बयान सामने आया है। बयान में श्री लखमा ने कहा कि शराब घोटाला मामले में ईडी ने उनसे सवाल किए हैं। वे अनपढ़ हैं, आबकारी अधिकारी एपी त्रिपाठी तथा उनके ओएसडी जिस कागज पर सिग्नेचर करने के लिए बोलते थे, वे उस कागज में हस्ताक्षर कर देते थे। श्री लखमा के अनुसार घोटाले का मास्टर माइंड एपी त्रिपाठी है। कवासी लखमा के अनुसार कितने करोड़ रुपए का शराब घोटाला हुआ है, उसे इस बात की जानकारी नहीं है। श्री लखमा ने कहा कि उसे एक रुपया भी नहीं मिला है।

**प्रॉपर्टी की जांच करने जिला कार्यालयों और ट्रांजेक्शन की जानकारी लेने बैंकों को लिखेंगे पत्र**


शराब घोटाला को लेकर ईडी ने की है कार्रवाई

पूर्व आबकारी मंत्री, उनके बेटे, सुकमा नगर पालिका अध्यक्ष, कांग्रेस नेताओं के ठिकानों पर ईडी की दबिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर/सुकमा

रायपुर में कवासी लखमा के धरमपुरा स्थित निवास तथा चौबे कालोनी में सर्च

भारी सुरक्षा व्यवस्था के साथ छापे की कार्रवाई

लखमा के करीबी रामभवन के घर ईडी

दस्तावेजों की जांच

#### ओएसडी को हिरासत में लेने की चर्चा

शराब घोटाला मामले में पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा के एक ओएसडी के यहां भी छापे की कार्रवाई की गई थी। ईडी के अफसर उन्हें पूछताछ करने रविवार को अपने साथ ईडी कार्यालय लेकर आ गए थे। पूछताछ करने लाए गए ओएसडी की हिरासत में लिए जाने की चर्चा थी, लेकिन देर रात पूछताछ करने के बाद ईडी ने ओएसडी को छोड़ दिया।

#### शराब मामले में गिरफ्तारी संभव

शराब घोटाला मामले में ईडी ने कई स्थानों से दस्तावेज के साथ इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस जब्त किए हैं। जिन लोगों के यहां ईडी ने छापे की कार्रवाई की है, उन्हें ईडी ने सोमवार को पूछताछ के लिए कार्यालय तलब किया है। आशंका जताई जा रही है कि पूछताछ में संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर ईडी के अफसर कुछ लोगों को गिरफ्तार कर सकते हैं।

#### लखमा बोले- छापे में क्या मिला, मुझे जानकारी नहीं

*श्री लखमा ने बताया कि उनका तथा उनके बेटे का मोबाइल ईडी के अफसर अपने साथ ले गए हैं। ईडी के अफसर लखमा के निवास पर शनिवार सुबह 7 बजे छापे की कार्रवाई करने पहुंचे थे। अन्य करीबियों के यहां छापे की कार्रवाई के बारे में उन्होंने कहा कि अन्य जगह छापे की कार्रवाई में ईडी को क्या मिला है, उन्हें इस बात की जानकारी नहीं है।*



*श्री लखमा के अनुसार, उनके यहां छापे की कार्रवाई में ईडी को एक फूटी-कौड़ी तक नहीं मिली है। ईडी के अफसरों ने उनके पूरे घर तथा गाड़ियों की, सभी जगह की जांच की। हमने पूरा घर ईडी के अफसरों को सौंप दिया था। ईडी ने उनकी तथा परिवार की संपत्ति के बारे में जानकारी मांगी। उनके बाप-दादा के समय की चार एकड़ जमीन है। श्री लखमा ने मंत्री बनने के बाद किसी तरह से जमीन नहीं खरीदने की बात कही।*

# दिल्ली में प्रदेश के भाजपा जिलाध्यक्षों के पैनल पर मंथन, जल्द होगी घोषणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



छत्तीसगढ़ में भाजपा के 36 जिला संगठनों के जिलाध्यक्षों के पैनल पर रविवार को दिल्ली में मंथन किया गया है। ज्यादातर जिलाध्यक्षों के नाम फाइनल हो चुके हैं। इसकी घोषणा जल्द होने की संभावना है। इसी के साथ दिल्ली में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, संगठन महामंत्री बीएल संतोष सहित संगठन चुनाव के राष्ट्रीय पदाधिकारी, देश के सभी राज्यों के पदाधिकारियों को कार्यशाला में राज्यों के अध्यक्षों के चुनाव की प्रक्रिया की जानकारी दी। कार्यशाला में प्रदेश के पदाधिकारी भी शामिल हुए।

सितंबर में भाजपा के सदस्यता अभियान के बाद नवंबर से संगठन चुनाव चल रहा है। इसमें पहले चरण में बूथ कमेटियों का गठन किया गया। इसके बाद मंडल अध्यक्षों का चुनाव हुआ और फिर तीसरे चरण में जिलाध्यक्षों के चयन की प्रक्रिया पूरी की गई है। अपने राज्य छत्तीसगढ़ में पहले भाजपा संगठन के 35 जिले थे, जो अब 36 हो गए हैं। बिलासपुर में एक और जिला बढ़ा दिया गया है। ऐसे में सभी जिला संगठनों में जिलाध्यक्षों के दावेदारों के नाम मंगाकर पहले 27 दिसंबर को कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन की उपस्थिति में जिलाध्यक्षों के नामों का पैनल तय किया गया।

#### राज्यों के अध्यक्षों की चुनाव प्रक्रिया पर कार्यशाला

*दिल्ली में संगठन चुनाव को लेकर अंतिम कार्यशाला रविवार को सुबह हुई। इसमें सभी राज्यों के पदाधिकारी शामिल हुए। कार्यशाला में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, संगठन महामंत्री बीएल संतोष, राष्ट्रीय चुनाव के पदाधिकारियों ने राज्यों के अध्यक्ष के चुनाव के बारे में जानकारी दी। इसमें बताया गया कि अगर किसी राज्य में अध्यक्ष के चुनाव की स्थिति आती है तो क्या करना है। इसके लिए मतदान का अधिकार किनको रहेगा, इसकी भी पूरी जानकारी दी गई। राज्यों के अध्यक्षों के चुनाव के बाद जनवरी में राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव होगा। कार्यशाला में प्रदेशाध्यक्ष किरण देव, संगठन महामंत्री पवन साय, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल और प्रदेश के संगठन चुनाव प्रभारी खूबचंद पारख शामिल हुए।*

# फरवरी में नगरीय निकाय चुनाव की संभावना, मतदाता सूची का प्रकाशन 15 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राज्य में नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव के लिए मतदाता सूची का पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी होने के बाद चुनाव के लिए इंतजार करना पड़ सकता है। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 15 जनवरी को होगा, इसके बाद ही राज्य में आचार संहिता लगेगी। ऐसे में अब संभावना जताई जा रही है कि फरवरी महीने में नगरीय निकाय चुनाव हो सकते हैं।

15 जनवरी को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन होगा, जिस कारण यह तय है कि प्रदेश के ऐसे निकाय, जहां चुनाव होना है, वहां प्रशासक का बैठना तय है। वहीं फरवरी महीने में अगर पंचायत चुनाव नहीं होते हैं तो प्रशासक की नियुक्ति करनी होगी। नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायतों के निर्वाचन के लिए नए सिरे से मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्यक्रम में संशोधन किया गया है। 1 जनवरी को 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवाओं को भी वोट डालने का मौका मिलेगा, जिनका पुरानी मतदाता सूची में नाम छूट गया था। राज्य निर्वाचन आयोग ने निर्वाचक नामावली के पुनरीक्षण का कार्यक्रम जारी किया है। नए शेड्यूल के अनुसार, नगरीय निकायों और पंचायतों के मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 15 जनवरी 2025 को किया जाएगा।




- 1 जनवरी को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले नए मतदाता जुड़ेंगे सूची में

#### नगरीय निकायों में थे 43.90 लाख मतदाता

पूर्व में राज्य निर्वाचन आयोग ने नगरीय निकाय चुनाव के लिए 10 दिसंबर को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया था। अंतिम प्रकाशन में नगरीय सभी जिलों के नगरीय निकायों में 43 लाख 90 हजार से अधिक मतदाता थे। अब नए सिरे से पुनरीक्षण के बाद इसमें वृद्धि होने के अनुमान हैं। बताया जाता है कि पंचायत चुनाव के लिए पूर्व में 1.45 करोड़ मतदाता होने की जानकारी सामने आई थी, पुनरीक्षण के बाद इसमें और वृद्धि होने की संभावना है।

#### प्रशासक का बैठना तय

नगरीय निकायों में प्रथम सम्मेलन की तिथि 5 जनवरी से शुरू हो रही है। इस अवधि के पहले निर्वाचन आयोग को चुनाव कराना होता है, इस बार 15 जनवरी तक चुनाव नहीं होंगे। ऐसे में प्रदेश के वे निकाय, जहां चुनाव होने हैं, वहां प्रशासक बैठाना होगा। इसी प्रकार त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव में प्रथम सम्मेलन की तिथि फरवरी के दूसरे सप्ताह में है, इससे यह अनुमान लगाया जा रहा है कि वहां भी प्रशासक की नियुक्ति करनी होगी। चुनाव होने से नगरीय निकाय और त्रि-स्तरीय पंचायत के विकास में जनप्रतिनिधियों की कोई भूमिका नहीं होगी।

### नहीं मिल रहीं 'सिंगल गर्ल चाइल्ड', बढ़ाई गई आवेदन तिथि

**रायपुर।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने सीबीएसई सिंगल गर्ल चाइल्ड स्कॉलरशिप के लिए पंजीकरण करने की आखिरी तिथि को बढ़ा दिया है। इस संबंध में आधिकारिक वेबसाइट पर एक नोटिस भी जारी किया गया है। ऐसे में जिन उम्मीदवारों को इस स्कॉलरशिप के लिए अप्लाई करना है वे सभी सीबीएसई की आधिकारिक वेबसाइट cbse.gov.in के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। आधिकारिक नोटिस के अनुसार, छात्रवृत्ति योजना के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 10 जनवरी तक बढ़ा दी गई है। यह स्कॉलरशिप उन सभी अविवाहित छात्राओं को दी जाएगी, जिन्होंने सीबीएसई कक्षा 10 की परीक्षा में 70 फीसदी या उससे अधिक अंक प्राप्त किए हैं और जो सीबीएसई से संबद्ध स्कूल में कक्षा 11वीं और 12वीं की पढ़ाई कर रही हैं, जिनकी ट्यूशन फीस शैक्षणिक वर्ष के दौरान 2500 रुपये प्रति माह से अधिक नहीं है। कक्षा 11 और 12 में ट्यूशन फीस 3000 रुपये प्रति माह से अधिक नहीं होनी चाहिए।

# नरैया तालाब में टॉय ट्रेन और बटरफ्लाई पार्क के लिए टेंडर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

टिकरापारा के नरैया तालाब के चारों ओर टॉय ट्रेन की सवारी करने अभी थोड़ा इंतजार और करना होगा। संगीत के साथ जुम्बा और उछलकूद करने यहां जंपिंग जोन बनेगा। नगर निगम जोन-6 ने रुचि की अभिव्यक्ति मंगाई है। टेंडर खुलने के बाद एजेंसी तय की जाएगी। प्रोजेक्ट के तहत रंगीन तितलियों को आकर्षित करने नरैया तालाब किनारे बटरफ्लाई पार्क भी बनाया जाएगा।

राजधानीवासियों के लिए तेलीबांधा के मरीन ड्राइव की तर्ज पर शहीद पंकज विक्रम वार्ड स्थित नरैया तालाब अब पिकनिक स्पॉट के रूप में विकसित करने की तैयारी है। इसके लिए 1 करोड़ खर्च कर योग के लिए पक्का शेड, बच्चों के मनोरंजन के लिए टॉय ट्रेन तालाब के चारों किनारों की सैर कराने चलाई जाएगी।

इसी तरह मल्टी-एक्टिविटी के तहत संगीत के साथ जुम्बा डांस, उछलकूद करने जंपिंग जोन एरिया बनाया जाएगा। शहरवासियों को आकर्षित करने रंगीन तितलियों को लुभाने वाले पौधे लगाकर बटरफ्लाई पार्क बनाया जाएगा, इसमें मेंटेनेंस की शर्त अनुबंध में शामिल रहेगी।

- तेलीबांधा तालाब की तर्ज पर मल्टी-एक्टिविटी शुरू करने तय होगी एजेंसी
- जोन 6 ने किया ऑनलाइन टेंडर


फाइल फोटो

#### किया है टेंडर

नरैया तालाब को पिकनिक स्पॉट के रूप में विकसित करने मल्टी-एक्टिविटी शुरू की जाएगी। इसके लिए जोन से ऑनलाइन टेंडर किया गया है। जल्द ही एजेंसी तय की जाएगी।

**- रमेश जायसवाल,** कमिश्नर, जोन-6

# संस्था की पहल, सड़क दुर्घटना से बचाने के लिए मवेशियों और कुत्तों को पहनाया रिफ्लेक्टिव कॉलर

**रतन टाटा की जयंती पर रिफ्लेक्टिव कॉलर ड्राइव का आयोजन**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खास खबर

स्ट्रे कीपर्स-एनिमल वेलफेयर फाउंडेशन ने कई स्थानीय एनिमल एक्टिविस्ट के साथ मिलकर प्रसिद्ध उद्योगपति और परोपकारी दिवंगत रतन टाटा की जयंती के उपलक्ष्य में एक सफल रिफ्लेक्टिव कॉलर (रेडियम) ड्राइव का आयोजन किया।

इस अभियान का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं को कम करना था, जिसमें आवारा मवेशियों और कुत्तों को रिफ्लेक्टिव कॉलर पहनाकर रात के समय वाहनों के लिए उनकी दृश्यता सुनिश्चित की गई। डायरेक्टर डॉ. दीपशिखा का कहना है कि आंकड़ों को देखें तो भारत में हर मिनट एक मौत एक्सिडेंट से होती है, यह रेडियम का पट्टा अंधेरे में गाड़ी की लाइट पड़ते ही चमकने लगेगा, गाड़ी चलने वाले को मवेशी दिखेंगे और एक्सिडेंट से रोका जा सकेगा। इस अभियान के तहत 300 कुत्तों और 300 गायों को रिफ्लेक्टिव कॉलर पहनाए गए।

टाटीबंध, रिंगरोड 3 बिलासपुर हाइवे, न्यू रायपुर, सेजबहार धमतरी रोड और आरंग हाईवे समेत कई स्थानों पर जाकर जानवरों को खुद कॉलर पहनाए। डायरेक्टर डॉ. अवंतिका ने भी इस ड्राइव में भाग लिया और आसपास के लोगों को इसकी अहमियत समझाई, उन्हें बताया कि इस पहल से इंसान और जानवर दोनों की जान बचाई जा सकती है।

#### कुत्तों को ठंड से बचाने के लिए बोरा बेड बांटे

ठंड से कुत्तों को बचाने के लिए बोरा बेड और ड्रम बेड निशुल्क वितरित किए गए, जो विशेष रूप से पिल्लों के लिए उपयोगी साबित हुए।

इस वितरण को स्वयंसेवकों का भारी समर्थन मिला, जिन्होंने इसे सफल बनाने के लिए कड़ी मेहनत की। डॉ. मोनिका का कहना है कि रोड पर जानवरों की बहुत दयनीय स्थिति रहती है, वे भूखे-प्यासे गर्मी, बारिश, ठंड में भटकते हैं। हम सभी को मिलकर उनका ध्यान रखना चाहिए, यह हमारी जिम्मेदारी है। यह आयोजन रायपुर में सभी एनिमल एक्टिविस्ट के सामूहिक प्रयासों को उजागर करता है, जो आवारा जानवरों की सुरक्षा और कल्याण के लिए प्रतिबद्ध हैं। आयोजकों ने सभी प्रतिभागियों का धन्यवाद किया और समुदाय से ऐसी नेक पहल को समर्थन देने की अपील की।



# टिकरापारा विवाद, दोनों पक्षों के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- हत्या की कोशिश, बलवा सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज

लेनदेन के विवाद को लेकर तीन दिन से आपस में लड़ रहे दो पक्षों के खिलाफ टिकरापारा पुलिस ने दो महिलाओं समेत आठ लोगों को हत्या की कोशिश, बलवा, तोड़फोड़ सहित अन्य गंभीर धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर गिरफ्तार किया है। यहां के रहवासियों ने शनिवार को पुलिस पर एकतरफा कार्रवाई करने का आरोप लगाते हुए थाने का घेराव कर चक्काजाम कर दिया था।

लेनदेन के विवाद पर एक-दूसरे के साथ मारपीट, जानलेवा हमला करने के आरोप में पुलिस ने मोहसीन खान, अभिषेक रावलानी, आसिफ मेमन, अब्दुल दानिश, सोहेल शेख, जिबरान सैफ, सलमा खान तथा श्रेया वैष्णव को गिरफ्तार किया है। लेनदेन के विवाद में 26 दिसंबर को फाल्स सिलिंग कारोबारी मोहम्मद अली की दुकान में जिबरान, आमिर एवं मोहम्मद अली, अहमद हफसैन, फिदा हुसैन ने आपस में वाद-विवाद करते हुए आपस में मारपीट की थी।

दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ दूसरे दिन थाने में शिकायत दर्ज कराई। रिपोर्ट दर्ज कराने के दूसरे दिन 28 दिसंबर को दोनों पक्ष आपस में फिर भिड़ गए और एक-दूसरे के साथ जमकर मारपीट की। एक पक्ष ने पुलिस पर एकतरफा कार्रवाई करने का आरोप लगाते हुए थाने पहुंचकर घेराव कर दिया था।

## खबर संक्षेप

### पटेवा में श्रीमद भागवत कथा आज से



**पटेवा।** बार चौक पटेवा में श्रीमद्भगवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन 31 दिसंबर से 9 जनवरी 2025 तक किया गया है। कथावाचक भागवत भूषण राष्ट्रीय कथा प्रवक्ता महराज भागीरथी तिवारी पंचकोशीधाम फिंगेश्वर वाले होंगे। कथा समय दोपहर 1:30 बजे से प्रारंभ होगी। आयोजक जानकी देवी पांडेय व मीनाक्षी पांडेय ने कथा श्रवण करने लोगों को अधिक से अधिक संख्या में पहुंच कर श्रीमद भागवत कथा का लाभ उठाने का अनुरोध किया है।

### बम्हनी में श्रीमद भागवत कथा 2 से



**महासमुंद।** ग्राम बम्हनी श्रीमद भागवत कथा ज्ञानयज्ञ सप्ताह का आयोजन 2 जनवरी से 10 जनवरी तक किया गया है। जिसमें कथा वाचक पंडित मनोज पांडेय होंगे। कथा समय 12.30 से शाम 6 बजे तक किया जाएगा। आयोजक सरोजनी पांडेय, कमलेश पांडेय, सृष्टि पांडेय, सामर्थ्य पांडेय ने श्रद्धालुओं को अधिक से अधिक संख्या में भागवत कथा का श्रवण करने की अपील की है।

### कांपा में देव मड़ई मेला का आयोजन 11 को

**बिरकोनी।** ग्राम कांपा में 11 जनवरी शनिवार को देव मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। सुबह 9 बजे गांव के कुल देवी देवताओं की पूजा अर्चना की जाएगी। दोपहर को यादव समाज द्वारा राउत नृत्य किया जाएगा। मेला कार्यक्रम 3 बजे शुरू होगा। जिसमें मुख्य अतिथि विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, विशेष अतिथि पूर्व जिला पंचायत सदस्य मोती साहू, जिला पंचायत सदस्य अमर अरुण, जनपत सदस्य आरिन चंद्राकर, योगेश्वर चंद्राकर, सरपंच संदीप चंद्राकर, सचिव नारायण साहू, अध्यक्षता भोलाराम साहू, ललित सोनी उपस्थित होंगे। रात्रि 10 बजे ग्राम कुसमी साल्हेभाठा वाले का छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी अपनी प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम की तैयारी में पुनीत राम साहू, गयालाल जांगड़े, झाला सतनामी, लक्ष्मण सोनी, नेहरू प्रजापति, आशाराम चंद्राकर, तुलसीराम साहू, प्रताप साहू, लेखराम विश्वकर्मा, शरीफ खान, यूसुफ खान, फूलचंद यादव, बसंत यादव, सुरेंद्र द्विवेदी, गोवर्धन दुबे, शोभाराम साहू, शत्रुहन साहू, नरेंद्र साहू, संतोष यादव, गजानंद साहू, लक्ष्मण तारक, तबरेज अली, बसंत साहू, पुनीत राम साहू, नरसिंग यादव, प्रीतम साहू, प्रखर सोनी आदि जुटे हुए हैं। उक्त जानकारी नरसिंग यादव ने दी।



### स्कूल खुलने पर छात्रों ने चलाया स्वच्छता अभियान

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के ज्ञान गंगा विद्यालय शीतकालीन अवकाश में बंद थे। 30 दिसंबर को विद्यालय खुलने पर विद्यार्थियों एवं शिक्षक ने साफ-सफाई की। शिक्षक लता चंद्राकर, हर्षा यादव, नीलम कोसरे, माधुरी पटेल, रुक्मणि सारथी, दीपा कुर्रे, वर्षा सारथी ने कहा कि शीतकालीन अवकाश में विद्यार्थियों ने मौसम में आराम किया और अपनी ही मानसिक शारीरिक स्वास्थ्य को एक अच्छे ध्यान से रखा। ठंड के मौसम में विद्यार्थियों ने परिवार के साथ समय बिताया।

### बंदोबस्त त्रुटि से परेशान

**महासमुंद।** जिले में बंदोबस्त त्रुटि सुधार कार्य नहीं हो पा रहा है। जिससे ग्रामीण काफी परेशान है। एक साल से किसान सिर्फ राजस्व विभाग के चक्कर ही लगा रहे हैं। लेकिन, किसानों की समस्या का समाधान अभी तक नहीं निकल पाया है। बेलसोंडा के किसान हरखराम, नर्सिंग, सुरेश, केतन, रमन, हीराधार, सरोज कुमार, मधुराम, नारायण, राधेश्याम, महेश, खेमराज सहित अनेक किसानों ने बंदोबस्त की त्रुटि में सुधार करने की मांग कलेक्टर से की है।


---

**आयोजन : सप्त दिवसीय श्रीराम कथा का यज्ञ, हवन के साथ हुआ विराम**

# तुमगांववासियों के मन में प्रभु श्रीराम के प्रति बसा है अगाध प्रेमः वर्षा नागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद





तुमगांव में घनश्याम चंद्राकर-श्यामकुंवर चंद्राकर परिवार द्वारा आयोजित भव्य श्रीराम कथा का 30 दिसंबर को हवन पूजन के साथ विराम हुआ। सप्त दिवसीय श्रीराम कथा में महामंडलेश्वर साध्वी अन्नपूर्णा गिरी (वर्षा नागर) निरंजनी पंचायत अखाड़ा उज्जैन मध्यप्रदेश द्वारा भक्तों को भगवान श्रीराम अमृत कथा का रसपान कराया गया। 28 दिसंबर को भरत चरित्र तथा 29 दिसंबर को सीता हरण, रावण वध कथा, श्रीराम राज तिलक कथा के प्रेरक प्रसंग भक्तों को श्रवण कराया गया। इस अवसर पर साध्वी वर्षा नागर ने कहा कि भरत के चरित्र से आज लोगों को सीख लेनी चाहिए। पिता के आज्ञा से जब प्रभु श्रीराम वन गमन करते हैं। ननिहाल से जब भरत वापस अयोध्या लौटते हैं, तब उन्होंने राज सिंहासन में बैठने से मना कर दिया। 14 वर्ष प्रभु श्रीराम वन में रहे उसी तरह मुनि वेष धारण कर भरत ने भी 14 वर्ष तक सिंहासन की रक्षा की। उन्होंने प्रभु श्रीराम के चरण पादुका की पूजा कर श्रीराम के अमानत के रूप में सिंहासन को खाली रखा तथा एक सेवक की भांति अयोध्या की रक्षा करते हुए प्रभु का इंतजार किया। आज भाई-भाई में जमीन-जायदाद के लिए झगड़े हो रहे हैं। ऐसे में रामायण के पात्र भरत का चरित्र आज प्रेरणा है। उन्होंने कभी सिंहासन का लालच नहीं किया। महात्मा भरत वंदनीय है।

साध्वी वर्षा नागर ने कहा कि तुमगांव के नागरिक अत्यंत सौभाग्यशाली हैं, यहां जगत के पालनहार श्रीराम कथा रूपी अमृत धारा प्रवाहित हो रही है। निश्चित ही चंद्राकर परिवार के पुण्य कर्मों का लाभ आज धर्म नगरी तुमगांव वासियों को मिल रहा है। उन्होंने श्रद्धालुओं के उत्साह व भक्ति को प्रणाम कर कहा कि यहां लोगों में प्रभु श्रीराम के प्रति अगाध प्रेम व भक्ति देखने को मिल रहा है। उल्लेखनीय है कि श्रीराम कथा स्थल पर प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में तुमगांव सहित आसपास के गांवों से कथा श्रवण करने भक्त गण पहुंचते रहे। कथा प्रवचन के दौरान प्रभु श्रीराम के संगीतमय भजनों में श्रोता झूमते नजर आएं। कथा श्रवण के लिए नपं अध्यक्ष राकेश चंद्राकर, उपाध्यक्ष पप्पू पटेल, सभापति धर्मेंद्र यदु, द्रोण, गंगा साहू, भुनेश्वर साहू, सहित नपं के समस्त पार्षद गण, जनप्रतिनिधियों सहित आयोजक घनश्याम चंद्राकर, श्यामकुंवर चंद्राकर, ईश्वर चंद्राकर, वंदना चंद्राकर, शिव-मधु, दिनेश- पिंकी, पोषण-माला, दिनेश्वरी-नरोत्तम, श्रेया-यश, राधेश्याम-कुमारी बाई, श्यामलाल-उमा देवी, वैभव, भूमिका, रितिका, चिराग, दृष्टि, सृजन, प्रकाश, वासु, वाणी, अनन्य, अथर्व, अनुष्का, अंश सहित तुमगांव के सैकड़ों महिला-पुरुष प्रतिदिन उपस्थित हुए।

---

## फाइनल मैच में चारभांठा ने मारी बाजी, घोघरा की टीम रही द्वितीय



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा


ग्राम गांजर में स्टार इलेवन क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में छग व ओडिशा के टीमों ने भी हिस्सा लिया। समापन प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में हेमंत चंद्राकर, विशेष अतिथि में केशव चंद्राकर एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पुन्नी नारायण साहू, लीलाधर चंद्राकर, सत्येंद्र देवेन्द्र एवं दौलत बागमारे उपस्थित रहे। फाइनल मैच में चारभांठा व घोघरा के बीच रोमांचक मैच खेला गया। मैन ऑफ द सीरीज घोघरा के हरीश रहे, रेंजर सायकल राजाराम यादव द्वारा, मैन ऑफ द मैच चारभांठा के चायनिज रहे होम थियेटर अमित चंद्राकर द्वारा एवं अतिथियों ने विजेता टीम को शील्ड व इनाम राशि देकर पुरस्कृत कर सम्मानित किया। पहला चारभांठा को नगद राशि 21111 एवं द्वितीय घोंच घोघरा टीम को 11111 रुपए देकर पुरस्कृत किया गया। तृतीय स्थान बगारपाली टीम को 5555 रुपए एवं चतुर्थ सोहागपुर को 3333 रुपए प्रदाय किया गया। इस दौरान गोयल चंद्राकर, जगन बरिहा, रूपेश साहू, हुलास चंद्राकर, एफआर दीवान, हेमंत चंद्राकर, मनोज चंद्राकर, पनोबाई अजगले, अमित चंद्राकर, खिलेश्वर साहू, भागीरथी कटारे, राजाराम यादव, नेहरू चंद्राकर, संदीप चंद्राकर, पुनितराम राम सिन्हा, वर्धन चंद्राकर, आईपीएस शर्मा, नेतराम साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि हर वर्ष किक्रेट टूर्नामेंट आयोजित किया जाता है। इस प्रतियोगिता में खिलाड़ियों को हमेशा खेल के भावना से खेलना चाहिए। हार व जीत लगा रहता है और खेलों से शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है। इस दौरान आयोजक समिति के सदस्य अमर ठाकुर, पलेश पटेल, कुशल ठाकुर, ओमप्रकाश धीवर, भुन्नेश्वर धीवर आदि मौजूद रहे।

---

# धूमधाम से मनाया जा रहा काली पूजा उत्सव, उमड़ रही भक्तों की भीड़

## नयापारा में आस्था के साथ की गई मां काली की पूजा-अर्चना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिरकोनी



ग्राम अछरीडीह नयापारा में काली भक्त बाबा टोहल निषाद द्वारा त्रिदिवसीय पांच कुंडीय काली यज्ञ एवं भंडारे का आयोजन रविवार से किया गया। प्रातः 10 बजे संतों के सानिध्य में कलश यात्रा के पश्चात घट स्थापना की गई। यज्ञाचार्य पंडित खोमन शर्मा ( बड़गांव), रायपुर से पधारे पंडित राकेश शर्मा एवं पंडित मनीष शर्मा द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ भगवान एवं समस्त देवी-देवताओं का आवाहन करते हुए यज्ञाग्नि प्रज्ज्वलित करते हुए मां भद्रकाली की प्रतिमा स्थापित की गई। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ का प्रारंभ किया गया। यज्ञ की निरंतरता के साथ मोर मयारू चंडी दाई नाच पार्टी बिरकोनी द्वारा सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। द्वितीय दिवस प्रातः 10 बजे जब मंडली द्वारा जस गीत प्रस्तुत किया गया। साधु सम्मेलन में उमेशानंद गिरि महाराज द्वारा प्रवचन गंगा का आनंद भक्तों ने लिया। संध्या समय परमेश्वर मानस मंच द्वारा मानस गायन का आयोजन किया गया। संध्या 7 बजे से योगेश्वरी साहू मानस परिवार द्वारा माता की जगराता कार्यक्रम का आनंद भक्तों ने लिया। तृतीय दिवस महंत स्वामी गणेशानंद गिरी महाराज द्वारा देवी पुराण रहस्य पर प्रवचन से भक्तों को लाभान्वित किया जाएगा। पश्चात यज्ञ की पूर्णाहुति के साथ सांग बाना द्वारा माता की प्रतिमा का विसर्जन किया जाएगा। संध्या समय सुर श्रृंगार जस जगराता रायपुर पिंकी साहू महानंद द्वारा जगराता एवं रात्रि 10 बजे से मुस्कान साहू स्टार नाइट लोक कला मंच का आयोजन होगा। यज्ञ में पुण्य लाभ लेने के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। कार्यक्रम में बाबा टोहल निषाद, उनकी शिष्य मंडली एवं समस्त ग्रामवासी जुटे हुए हैं।

### ओबीसी को आरक्षण में भारी नुकसान

**महासमुंद।** सरपंच संघ अध्यक्ष वीरेंद्र चंद्राकर ने जारी प्रेस नोट में कहा है कि त्रिस्तरीय पंचायत राज संस्था में निर्वाचन 2025 महासमुंद ब्लाक (ग्रामीण) की कुल जनसंख्या 202970 है। 2024 की सर्वे में ओबीसी 126619 है और 2011 की सर्वे अनुसार एसटी 49492, एससी 32225 है। इसी प्रकार महासमुंद जिला (ग्रमीण) की कुल जनसंख्या 913613 है। जिसमें वर्तमान सर्वे में ओबीसी की जनसंख्या 531971 है। 2011 के अनुसार एससी की जनसंख्या 120774 एवं एसटी की 270622 है, किंतु, ओबीसी को आरक्षण में बहुत नुकसान हो रहा है। महासमुंद ब्लाक में 105 ग्राम पंचायत में मात्र 9 ग्राम पंचायत ओबीसी को मिल रहा है। जबकि, पिछली बार 26 ग्राम पंचायत ओबीसी को मिला था। 16 का नुकसान है। इसी प्रकार जनपद सदस्य में कुल 25 सीट में 2 सीट मिल रहा है। जबकि, पिछली बार 6 सीट मिली थी। यहां 4 सीट का नुकसान हो रहा है। 5 ब्लाक जनपद अध्यक्ष में एक भी सीट ओबीसी को नहीं मिल रहा है। जबकि पिछली बार 1 सीट मिला था। और जिला पंचायत सदस्य के 15 सीट में 1 सीट ओबीसी को मिल रहा है, वो भी महिला होगा। जबकि पिछली बार 4 सीट मिला था। इसी प्रकार प्रदेश के 33 जिला में एक भी जिला पंचायत अध्यक्ष ओबीसी को नहीं मिल रहा है, क्योंकि, 33 का 50 प्रतिशत, 16.50 यानी की 16 सीट जो कि प्रदेश का 16 जिला पेशा क्षेत्र के अंतर्गत यानी कि अनुसूचित क्षेत्र के अंतर्गत आता है, जिसके कारण इस बार 16 जिला पंचायत में 16 अध्यक्ष का सीट एसटी-एससी को मिल रहा है। शेष 50 प्रतिशत यानी कि 17 जिला पंचायत अध्यक्ष सामान्य हो जाएगा। जबकि, पूर्व के नियम में 8 मिलता है। इस प्रकार नया संशोधन नियम के मुताबिक एक भी जिला अध्यक्ष ओबीसी को नहीं मिलेगा। इस प्रकार ग्राम पंचायत के पंच सरपंच से लेकर प्रदेश के जनपद एवं जिला पंचायत अध्यक्ष के पदों पर ओबीसी को आरक्षण में भारी नुकसान हो रहा है।

---

# योग शरीर के विभिन्न अंगों में प्राणों का समुचित वितरण करता हैः विद्यानंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



शिवानंद सरस्वती योग भवन में

- 11 दिवसीय योग शिविर का समापन, 0 योग शिविर में कुल 55 पुरुष, महिलाएं एवं बच्चे शामिल हुए

ग्यारह दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का समापन किया गया। शिविर दिव्य जीवन संघ, शिवानंद योग मित्र मंडल एवं शिवानंद मातृशक्ति द्वारा आयोजित किया गया था। समारोह में शिवानंद योग मित्र मंडल के अध्यक्ष चंद्रशेखर साहू द्वारा प्रतिवेदन पठन किया गया। योगाचार्य स्वामी विद्यानंद सरस्वती के निर्देशन में योग शिविर का लगातार 34 वां वर्ष है, जो कि यह सफर स्वामी की सहजता एवं सरलता के कारण संभव हो सका है।

उन्होंने बताया कि शिविर में प्रत्येक दिन सुबह , प्राणायाम एवं ध्यान, शाम को प्राणायाम, योगनिद्रा एवं त्राटक एंव दोपहर सत्र में महिलायों को योग का अभ्यास कराया गया। इस योग शिविर में कुल 55 पुरुष, महिलाएं एवं बच्चे शामिल हुए। 29 दिसंबर को कौंदकेरा के जंगल में जलनेति, कुंजल एवं दीर्घ शंख प्रक्षालन क्रिया में 30 योगाभ्यार्थियों ने लाभ लिया। नगर के फॉरेस्ट ग्राउंड में स्वामी द्वारा वन विभाग कर्मचारियों के लिए तीन दिवसीय योगाभ्यास कराया गया। समारोह में योग प्रशिक्षण शिविर शिवानंद कुटीर योगासन के संचालक एवं योगाचार्य स्वामी विद्यानंद सरस्वती ने कहा कि योग एक युक्ति है। आसन का अभ्यास भावनाओं को नियंत्रित करता है, मानसिक शांति लाता है और शरीर के विभिन्न अंगों में प्राणों का समुचित वितरण करता है। इससे शरीर के आंतरिक अंगों की मालिश होती है और वे सुचारू ढंग से कार्य करते हैं।

योगासनों से रोग का निदान और स्वास्थ्य का वर्धन होता है। उन्होंने कहा कि योग भवन में योग शिविर का आयोजन एवं नियमित योगाभ्यास के कार्यक्रम होते रहना चाहिए। योग साधक चोइथराम राजपाल एवं दाउलाल चंद्राकर ने योग शिविर से मिलने वाले लाभ का अनुभव बताया। योग प्रशिक्षण शिविर शिवानंद कुटीर योगासन के संचालक एवं योगाचार्य स्वामी विद्यानंद सरस्वती के मार्गदर्शन में हुआ। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन तारेंद्र चंद्राकर ने किया। कार्यक्रम में परमानंद बजाज, रामनिवास चंद्राकर, किशोर शुक्ला, डॉ रामकुमार चंद्राकर, अश्वनी तिवारी, विजय नंदवानी, प्रदीप चंद्राकर, शिवनाथ बोस, देवेंद्र चंद्राकर, अजय गुप्ता, महेंद्र साहू, सोहन चंद्राकर, भरत सिन्हा, चंद्रिका चंद्राकर, महेश ध्रुव, गौतम सिन्हा, मानिकपुरी आदि उपस्थित रहे।

आज दशगात्र



अत्यन्त दुख के साथ सुचित करना पड़ रहा है कि मेरे पुत्री **कु. छाया साहू** का स्वर्गवास दिनांक 27.12.2024 दिन शुक्रवार को हो गया है। जिसके कार्यक्रम में आप सहपरिवार उपस्थित होकर मृतात्मा को शांति प्रदान करें।

-कार्यक्रम-
दशगात्र
दिनांक : 31.12.2024
दिन : मंगलवार

-: स्थान:-
लाफिन खुर्द महासमुंद
तालाब का कार्यक्रम दोप. 12 बजे होगा

कु.छाया साहू

शोकाकुल परिवार : नेमीचंद, ठाकुरराम, ढेलु, आशा, नीलकंठ, लालाराम, भैयाराम, हेमंत, विक्रम, प्रितम, भावेश, इंद्रजीत एवं समस्त साहू परिवार...

-विनीत-
रोहित-कमला (दादा-दादी)
परमेश्वर-त्रिवेणी (पापा-माँ),
हेमराज, ईश्वर, चंदन
मो.9617730970 9770701217


नोट : जिन किसी स्वजन को शोक पत्र न मिल पाया हो कृपया इसे ही शोकपत्र समझें

घर, खेत एवं प्लाट में पानी जांच करवाने के लिए संपर्क करे
देश के नंबर 1 ग्राऊंड वाटर चेकर Sorry bhai से
SORRY BHAI ड्राई जगहों मे पानी निकाल कर देने की ठेका लेते है
ऐसे लोग जो बार-बार बोर करवा कर परेशान हो चूके है फिर भी पानी नही निकाल पा रहे है तो SORRY BHAI को पानी निकाल कर देने के लिए ठेका दे दो।
अधिक जानकारी के लिए हमारे यूट्यूब चैनल Kisan ka bore को सर्च करे...
मो.: 7000716599, 9301831212
पैसा पानी निकलने के बाद देना

---

# कबीर नगर की शाखा में संघ प्रमुख भागवत ने किया सूर्य नमस्कार और व्यायाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- स्वयंसेवक रतन चक्रधर के घर पर खाया खाना

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सर संघचालक डॉ. मोहन भागवत रायपुर में हैं। तीसरे दिन सुबह को करीब नगर की व्यावसायिक शाखा में गए और वहां पर सभी के साथ सूर्य नमस्कार करने के साथ व्यायाम भी किया। यहां पर वे एक घंटे तक रहे। दोपहर में उन्होंने रायपुरा स्वयंसेवक रतन चक्रधर के निवास में भोजन किया। अब 31 दिसंबर को वे प्रांत संघचालक टोपलाल वर्मा के निवास में भोजन करेंगे। इसी दिन आरएसएस के अनुषांगिक संगठनों की बैठक भी होगी। जागृति मंडल में भी दिनभर बैठकों का दौर चला। इसमें पर्यावरण विषय पर पदाधिकारियों और स्वयंसेवकों के साथ चर्चा हुई। संघ का फोकस इस समय पंच परिवर्तन पर है। हर दिन एक विषय पर चर्चा की जा रही है। पहली बार डॉ. भागवत साल के अंत में पांच दिनों के छत्तीसगढ़ प्रवास पर आए हैं। इस प्रवास का मुख्य मकसद संघ को मजबूत करना है। संघ को मजबूत करने के लिए पंच परिवर्तन के विषय तय किए हैं। अपने दौरे में डॉ. भागवत राजधानी की शाखाओं में भी जा रहे हैं। दूसरे दिन सुबह से सत्र में वे कबीर नगर की व्यावसायिक शाखा में पहुंचे। इस शाखा में 40 वर्ष से ज्यादा के ऐसे स्वयंसेवक शामिल हैं।

### आशीर्वाद भवन में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

**रायपुर।** कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज द्वारा बैरन बाजार स्थित आशीर्वाद भवन में दो दिवसीय आयुष्मान कार्ड एवं निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का शनिवार को शुभारंभ किया गया। शिविर में 70 प्लस 5 लोगों का आयुष्मान वय वंदना कार्ड, 55 महिला एवं पुरुषों का सामान्य आयुष्मान कार्ड एवं 60 लोगों के बीपी, शुगर, स्वास्थ्य की जांच की गई। साथ ही सर्दी, खांसी, विटामिन की दवाईयां निशुल्क वितरित की गईं। शिविर में स्वास्थ्य विभाग से डॉ. गोल्डी पांडेय, नीलिमा चंद्राकर, खिलेश गायकवाड़, जागेश्वर प्रसाद साहू, उज्ज्वल डोंगरे सहित समाज के अध्यक्ष पं. अरुण शुक्ल, सचिव पं. सुरेश मिश्र, प्रीति मिश्रा, अर्चना मिश्रा आदि मौजूद रहे।

### सीएम साय से शौंडिक समाज के प्रतिनिधिमंडल ने की भेंट

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से रविवार शाम मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में शौंडिक समाज के प्रतिनिधि मण्डल ने सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री श्री साय को प्रतिनिधिमण्डल ने राजधानी रायपुर में 11 जनवरी 2025 को आयोजित अखिल भारतीय शौंडिक सामाजिक सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। इस अवसर पर शिवरतन प्रसाद गुप्ता, श्याम किशोर गुप्ता, ओमप्रकाश गुप्ता और सुरेश प्रसाद गुप्ता सहित शौंडिक समाज के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

Health Town

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### श्रम मंत्री से तुषार ने की मुलाकात

**महासमुंद।** भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू ने श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन से उनके निवास पर जाकर सौजन्य मुलाकात की। और ज्ञापन देकर कहा कि महासमुंद जिले से पलायन रोकने के लिए हरसंभव कदम उठाए जाना चाहिए। श्रम विभाग में संचालित योजनाओं को मजदूरों तक पहुंचाने के लिए विभाग के अधिकारियों को गांव-गांव में जागरूकता कैंप लगाकर मजूदरों को सरकारी योजनाओं से जोड़े जाने की मांग की।

### प्रावीण्य सूची में फगेश्वर आठवें स्थान पर

**महासमुंद।** पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय द्वारा मास्टर डिग्री के लिए आयोजित एमए हिंदी का नियमित विद्यार्थी के रूप में क्षेत्र के फगेश्वर साहू ने पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय में प्रवेश लेकर नियमित अध्यापन किया।



विश्वविद्यालय द्वारा जारी एमए हिंदी परीक्षा 2024 के प्रावीण्य सूची में आठवां स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। फगेश्वर, डाइट महासमुंद में कार्यरत हीरामन साहू एवं नर्मदा साहू के सुपुत्र है। इस विशिष्ट उपलब्धि पर उनके पिता हीरामन साहू, उनके परिवारजनों, इष्ट मित्रगण, ग्रामीणजनों सहित डाइट महासमुंद के अकादमिक और कार्यालयीन स्टॉफ ने हर्ष जताया है।

### आयुष्मान कार्ड शिविर में दो हजार से अधिक ने लिया लाभ

**रायपुर।** सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ इकाई ने आयुष्मान कार्ड कैंप का आयोजन किया। यह शिविर शहीद पंकज विक्रम वार्ड में महिला विंग अध्यक्ष राशि बलवानी के निवास में लगाया गया। शिविर का उद्घाटन सांसद बृजमोहन अग्रवाल और विधायक सुनील सोनी ने किया। इस मौके पर सिंधी काउंसिल के प्रदेश अध्यक्ष ललित जैसिंघ ने बताया कि अभी तक 10 जगह आयुष्मान कार्ड शिविर सिंधी काउंसिल लगा चुका है।

## निधन

### विष्णु प्रसाद पटेल



**घोड़ारी।** ग्राम घोड़ारी निवासी विष्णु प्रसाद पटेल (90) का रविवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार महानदी घाट में किया गया। वे पुरूषोत्तम पटेल, परस पटेल व संतराम पटेल के पिता थे।

### रविशंकर साव



**महासमुंद।** ग्राम गिधामुड़ा निवासी रविशंकर साव (74) का रविवार को उपचार के दौरान रायपुर एम्स में निधन हो गया। अंतिम संस्कार सोमवार को ग्राम गिधामुड़ा (तोषगांव) में किया गया। वे किसान विद्याधर साव, वेदलाल साव के पिता थे।

---

**धर्म-कर्म : नयापारा संतोषी मंदिर के पास चल रहे शिवमहापुराण के सातवें दिन तुलसी विवाह का किया वर्णन**

# पवित्र मन व विधि विधान से माता तुलसी के पूजन से हर घर में आती है सुख शांति और समृद्धि : सुनील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नयापारा संतोषी मंदिर के पास मोहल्लेवासियों द्वारा आयोजित शिवमहापुराण कथा के सातवें दिन 30 दिसंबर को प्रवचनकर्ता पंडित सुनील प्रसाद पांडेय ने सनातन धर्म में पूजनीय तुलसी माता विवाह, जालंधर प्रसंग सहित उषा चरित्र का सजीव विस्तृत सारगर्भित कथा का वाचन किया।

शिवकथा स्थल पर श्रोताओं से भरी सभा में माता तुलसी के विवाह का वर्णन करते हुए सुनील पांडेय ने बताया कि पवित्र तुलसी माता की पूजा का सनातन धर्म में बहुत विशिष्ट स्थान और महत्व है। मूल रूप से तुलसी राक्षस कुल में जन्मी वृंदा थी, जिसका विवाह, भगवान शिव के त्रिनेत्र से उत्पन्न हुए दानवराज जलंधर से हुआ था। जलंधर वध के बाद वृंदा के आत्मदाह से मां तुलसी का जन्म हुआ । वृंदा के शाप से पत्थर बने विष्णु ने खुद को शालिग्राम पत्थर के रूप में अवतार लिया और उन्होंने तुलसी से विवाह किया। पंडित ने कथा वृतांत में बताया कि पुराणों के अनुसार तुलसी को माता पार्वती का अवतार माना जाता है। भगवान विष्णु ने वृंदा को कहा था कि अपने सतीत्व के कारण तुम मुझे लक्ष्मी से भी अधिक प्रिय हो गई हो। तुलसी रूप में तुम सदा मेंरे साथ रहोगी, तब से हर साल कार्तिक महीने में देवउठावनी एकादशी का दिन तुलसी विवाह के रूप में मनाया जाता है। सुनील प्रसाद ने उपस्थित श्रद्धालुओं से कहा कि जो कोई भी शालिग्राम रूप के साथ तुलसी का विवाह करेगा उसे इस लोक और परलोक में विपुल यश कीर्ति की प्राप्ति होगी। मातृशक्ति को तुलसी पूजा की विधि विधान कि जानकारी देते हुए प्रवचनकर्ता ने बताया कि पवित्र मन और विधि से माता तुलसी के पूजन से हर घर में सुखशांति और समृद्धि के धन, वैभव ,यश, उन्नति प्रगति के साथ समृद्धि आती है। मृत्यु के समय जिसके प्राण मंजरी रहित तुलसी और गंगाजल मुख में रखकर निकलते है। वह सभी पापो से मुक्त होकर श्रीचरणों में बैकुंठधाम को जाता है। तुलसी आंवला की छाया में अपने पितरों का श्राद्ध करने से पितरों को भी मोक्ष प्राप्त होता है। पौराणिक पुराणों के अनुसार शिव और पार्वती के संतान के रूप में जलंधर प्रसंग का वर्णन करते हुए उन्होंने बताया कि भगवान शिव-पार्वती के दो संतान गणेश और कार्तिकेय को हम सभी जानते है,लेकिन धार्मिक मान्ताओं के अनुसार उनकी एक और संतान का नाम जलंधर था। श्रीमद देवी भागवत पुराण के अनुसार





जलंधर का जन्म शिवशंकर के त्रिनेत्र से निकले तेज को समुद्र में फेंकने से हुआ था। जलंधर में शिव का अंश होने से वो बहुत शक्तिशाली असुर के रूप में जन्मा, जिसने देवराज इंद्र को पराजित कर तीनों लोकों को जीत लिया। सुनील पांडेय ने कथा में आगे कहा कि असुरराज जलंधर की शक्ति उसकी पत्नी वृंदा की सतीत्व और पवित्रता के कारण थी, जिसकी वजह से कोई उसे परास्त नहीं कर सका। जलंधर राक्षस से परेशान सारे देवगण, भगवान विष्णुजी के पास पहुंचकर उन्हें अपनी समस्या बताया। सभी ने मिलकर निष्कर्ष निकाला कि उनकी पत्नी वृंदा का सतीत्व नष्ट कर दिया जाए तो जलंधर को परास्त कर उसका विनाश किया का सकता है। वृंदा का पतिधर्म तोड़ने स्वयंनारायण ने जलंधर का रूप धारण किया और उन्होंने वृंदा को स्पर्श कर पतिव्रत धर्म खंडित हो गया। जिससे जलंधर कि शक्ति क्षीण हुई और शिवजी ने उसका अंत कर दिया। इस लीला का पता चलने पर वृंदा ने क्रुद्ध होकर विष्णु को हदयहीन पत्थर होने का श्राप दिया, जिसे स्वीकार कर भागवन शालिग्राम पत्थर बन गए। देवताओं के आह्वान पर वृंदा ने विष्णु को शापमुक्त कर आत्मदाह कर लिया। जहा वृंदा भस्म हुई, वहां तुलसी का पौधा उगा। शिवकथा के अंतिम सत्र में उषा चरित्र का उल्लेख करते हुए सुनील प्रसाद ने श्रोताओं को बताया कि शास्त्रों के अनुसार उषा असुर राज बाणासुर की बेटी भगवान कृष्ण के पोते अनिरुद्ध की पत्नी थी। अनिरुद्ध से प्रेम और उससे विवाह करने की कहानी भागवत पुराण में वर्णित है। बाणासुर ने अपने पुत्री उषा के आकर्षक रूप से चिंतित होकर उसे आग से घिरे अग्निगढ़ के किले में रखा। ताकि, कोई वहां प्रवेश न कर सके। वहां पर स्वप्न में ही उषा ने राजकुमार अनिरुद्ध को देखा और उससे प्रेम करने लगी उसे पता भी नहीं था वो कौन है ।कथा को आगे बढ़ाते हुए पंडित ने कहा कि समय व्यतीत होने पर बाणासुर पुत्री ने उषा ने अनिरुद्ध को किले में बंदी बनाया ये खबर महर्षि नारद के माध्यम से कृष्ण को मिली तब यादवों की सेना ने वहां आक्रमण किया। बाणासुर को इस युद्ध में आभास हो गया कि श्रीकृष्ण वास्तव में साक्षात परमेश्वर है और उसने कृष्ण की शरण में आकर क्षमायाचना किया। भगवान ने उसे क्षमा कर उषा-अनिरुद्ध के विवाह का आदेश दिया और विवाह पश्चात दोनो को लेकर वो द्वारका वापस आ गए। ये एक अनोखी प्रेम कहानी थी। जिसमें प्रेमिका ने प्रेमी का हरण किया था। प्रद्युम्न के पुत्र और कृष्ण के पौत्र अनिरुद्ध की पत्नी के रूप में उषा को ख्याति मिली। प्रवचनकर्ता सुनील प्रसाद ने दधीचि की कहानी का भी विस्तार से वर्णन किया। शिवमहापुराण कथा के दौरान भजन मंडली के गायक वादक ने पूरे समय प्रसंगों के बीच भक्तिमय भजन गीत संगति की प्रस्तुति दिया, जिस पर श्रद्धालु नाचते गाते रहे। शिव की आरती प्रसाद वितरण के साथ हर्षोल्लास से आज की कथा का समापन हुआ।

---

## बागबाहरा स्कूल में स्काउट-गाइड कैंप का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

स्काउट गाइड का कैम्प पब्लिक हायर सेकंडरी स्कूल बागबाहरा के प्रांगण में अरुण कोसे वरिष्ठ स्काउट मास्टर के मार्गदर्शन में वीर शिवाजी ओपन रोवर क्रू, ओपन स्काउट दल, अहिल्या बाई ओपन रेंजर एवं रानी दुर्गावती ओपन रेंजर टीम बागबाहरा के संयुक्त तत्वावधान में 26 दिसंबर से 29 दिसंबर 2024 तक चार दिवसीय कार्यशाला हुआ। उक्त शिविर गैर आवासीय रहा। शिविर में रोवर रेंजर निपूर्ण एवं स्काउट गाइड के द्वितीय, तृतीय पूर्ण कर चुके बालक-बालिकाओं को राज्यपाल पुरस्कार परीक्षा लिए विभिन्न तैयारियों के लिए कैम्प का आयोजन रखा गया है। इस कैम्प में स्कूलों एवं ओपन स्काउट गाइड के बच्चे भी शामिल हुए। शिविर के समापन समारोह पर संघ के अध्यक्ष



पंकज हरपाल, उपाध्यक्ष देवेश साहू, कार्यकारणी सदस्य लोकेश्वर चंद्राकर मौजूद रहे। इस शिविर को सफल बनाने के लिए राजेश सोनी, रामगोपाल दीवान, भीमसेन चंद्राकर, गौरी मोवले, जेनेबिबा तिर्की, पूरी हरपाल, शेषनारायण साहू, सतीश देवांगन, गगन टोंडेकर, रूखमणी बघेल, सीमा दुबे, करगिला ओगरे, डिगेश्वरी पटेल, दुर्गा हरपाल, राकेश दुबे, नुरेद्र, पुष्पेंद्र, अजय, उमाशंकर, दिव्य लोचन, खेमराज, कुंदन, अजय आदि में योगदान रहा।

## शिवानी के सीए बनने से ससुराल व मायके में खुशी की लहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

राजस्थान से चलकर सौ साल पहले छत्तीसगढ़ के विकासखंड बागबाहरा के सुदूर इलाके ग्राम पंचायत बोडरीदादर में रानीलाल जैन का परिवार आ बसे। यहां चार भाइयों का भरापूरा परिवार दिन दूना, रात चौगुना तरक्की दर तरक्की करते हुए आगे बढ़ते गए। उस परिवार की तीसरी पीढ़ी अब गांव से विभिन्न शहरों में जैसे खरियाररोड, बागबाहरा, महासमुंद में व्यवसाय प्रारंभ कर सफलता का मुकाम अर्जित कर रहे है। इसी क्रम में शिवानी धर्मपत्नी मिशाल सांखला जैन एमबीए, पौत्र वधू नेमीचंद अमृत देवी सांखला बोडरीदादर, पुत्र-वधू राजकुमार ममता सांखला, सुपुत्री संतोष कांचन देवी लालवानी निगड़ी पुणे ने सीए बनकर अपने ससुराल एवं मायका दोनों परिवार को गौरवान्वित किया है। शिवानी के सीए बनने से दोनों परिवार में खुशी की लहर है।



यहां यह बताना जरूरी है कि इस परिवार के तीन बेटियां सपना त्रिलोकचंद सांखला, गूंजा महावीर चंद सांखला, रोशनी हेमंत कुमार सांखला पूरे छत्तीसगढ़ में पंडित रविशंकर शुक्ल महाविद्यालय रायपुर से गोल्ड मेडिलिस्ट बन चुके हैं। इस घर की बहू-बेटियों ने अपने दादा-दादी का सपना पूरा किया है। शिवानी सांखला कांग्रेस नेता पारस सांखला की भतीजा बहू है। वहीं गोल्ड मेडिलिस्ट तीनों बेटियां भतीजी है। शिवानी के सीए बनने पर परिवार जन एवं उनके दोस्तों ने हर्ष जताया है।

## कन्या गुरुकुल आश्रम आमसेना में आर्य वीरांगना प्रशिक्षण शिविर का आयोजन



**बोइरगांव (कोमाखान)।** कन्या गुरुकुल आश्रम आमसेना में 6 दिवसीय आर्य वीरांगना प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र की छात्राओं ने अपने शीतकालीन अवकाश को सार्थक बनाया। विभिन्न ग्रामों से जैसे साल्हेभाठा, कुसमी, छिबर्रा, बाघामुड़ा, खेमड़ा, बांसकांठा समेत अनेक स्कूलों 60 छात्राओं ने छह दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में भाग लेकर जूडो कराते, कुंग्फू, योग व्यायाम का प्रशिक्षण प्राप्त किया। शारीरिक शिक्षा के साथ-साथ नैतिक सदाचार एवं चारित्रिक मानव निर्माण की शिक्षा दी गई। यह विशेष प्रशिक्षण आमसेना के प्रधानाचार्य पुष्पा आर्य के मार्गदर्शन में योग शिक्षिकाओं द्वारा प्रदान किया गया।

माता पिता को समझने व छात्राओं को प्रेरित करने में राजू श्रीवास संयोजक देवरी, उषा चंद्राकर खुसरूपाली, पायल वैष्णव महासमुंद का अति विशेष योगदान रहा। शिविर में बीआर साहू शिक्षक देवरी का सहयोग रहा।

### सरपंच पद का प्रभार देने सौंपा ज्ञापन

**महासमुंद।** ग्राम पंचायत अछोला के सरपंच कमल नारायण साहू ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर उच्च न्यायालय बिलासपुर के आदेश का पालन करते हुए सरपंच पद का प्रभार देने की मांग की है। सौंपे गए पत्र में कहा गया है कि उच्च न्यायालय बिलासपुर (छग) द्वारा आदेश 20 दिसंबर 2024 के तहत अनुविभागीय अधिकारी, कलेक्टर, कमिश्नर के आदेशों को स्थगित कर दिया गया है। उक्त आदेशों के प्रतिपालन में साहू ने सरपंच पद का प्रभार तत्काल प्रदान करने की मांग की है। ऐसा नहीं होने पर पुनः उच्च न्यायालय की शरण लेने ने की बात कही है। सरपंच ने कहा कि उन्हें प्रभार नहीं दिया गया तो उच्च न्यायालय बिलासपुर में अवमानना याचिका प्रस्तुत करूंगा। उन्होंने शीघ्र आदेश का पालन का अनुरोध किया है।

## स्कूल्स कमीशन के विशेष सदस्य मनोनीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

अखिल भारतीय शतरंज महासंघ के पायलट प्रोजेक्ट चेस इन स्कूल्स कमीशन के विशेष सदस्य के रूप में हेमंत खुटे व अब्दुल शमीम को मनोनीत किया गया है। यह मनोनयन चेस इन स्कूल्स कमीशन के चेयरमैन शिवा प्रसाद (तेलंगाना) ने किया है। जिला शतरंज संघ महासमुंद एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के सचिव हेमंत खुटे ने जानकारी देते हुए बताया कि ऑल इंडिया चेस फेडरेशन का मकसद शतरंज को विद्यालयों में बढ़ावा देना तथा शतरंज की बुनियादी जानकारी प्राथमिक -मिडिल स्तर से ही स्कूली बच्चों को उपलब्ध कराना है। ताकि, आगे चलकर बच्चे शतरंज के माहिर खिलाड़ी बन सके। उल्लेखनीय है कि स्कूलों में शतरंज खेल को बढ़ावा देने से जहां शतरंज के अच्छे खिलाड़ी तैयार होंगे। वही पढ़ाई में भी शतरंज फायदेमंद साबित होगा। क्योंकि, शतरंज दिमागी खेल है। इसे खेलने से एकाग्रता बढ़ती है और ब्रेन का एक्सरसाइज होता है। इसके नियमित अभ्यास से बच्चों का आई क्यू लेवल बढ़ेगा। बौद्धिक क्षमता में वृद्धि होने के साथ-साथ सोचने की क्षमता भी विकसित होगी। ज्ञात हो कि हेमंत खुटे अब तक 3500 से अधिक स्कूली बच्चों को निशुल्क शतरंज सीखा चुके है। इनके द्वारा स्कूली बच्चों के लिए शतरंज की एक दिग्दर्शिका भी तैयार की गई है। जो कि जल्द ही प्रकाशित होने वाली है। इन्होंने चेस इन स्कूल्स के तहत लयबद्ध धुनों के साथ शतरंज गीत का ऑडियो व एनीमेशन भी बनाया है, जिसे छत्तीसगढ़ की मशहूर गायिका कंचन जोशी ने अपनी मधुर आवाज दी है। 5 मिनट के इस गीत में शतरंज की चालों व उसकी मारक क्षमता को बखूबी समझाया गया है। बच्चे गाने के जरिए भी शतरंज की दांव-पेंच को भली - भांति समझ सकेंगे। जियो सावन प्लेटफार्म में भी गाने के साथ-साथ जियोट्यून व रिंगटोन के रूप में ये गीत लांच हुआ है। हेमंत व शमीम के मनोनयन पर अखिल भारतीय शतरंज महासंघ के उपाध्यक्ष व छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के अध्यक्ष राघवेंद्र सिंघानिया, प्रदेश महासचिव विनोद राठी, उपाध्यक्ष किरण अग्रवाल सहित प्रदेश एवं जिला शतरंज संघ के पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त किया है।



## एकल अभियान एसएसपी महिला वर्ग का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

एकल अभियान अंचल महासमुंद संभाग छग का 29 दिसंबर को एक दिवसीय ग्राम संगठन एसएसपी महिला वर्ग सरस्वती शिशु मंदिर महासमुंद में हुआ। इस वर्ग में सभी 9 संचों से एसएसपी की संख्या 96, आचार्य की संख्या 42, कार्यकर्ता 13, संभाग से कार्यकर्ता 02, एसएसपीएम की संख्या 07, अंचल समिति 10, संच समिति की संख्या 08, अतिथिगण 08 कुल संख्या 186 की उपस्थिति में वर्ग प्रातः 11 बजे मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया। वहीं शाम 5:30 बजे भारत माता की आरती के साथ समापन हुआ। इस वर्ग में उद्घा टन सत्र के मुख्य अतिथि शशि प्रभा थिटे जिला संयोजक अहिल्या बाई होलकर समिति जिला महासमुंद ने संगठन की आवश्यकता विषय पर प्रकाश डाला। योगेश चंद्राकर संभाग समिति सदस्य ने अभियान का परिचय लक्ष्य एवं संरचना विषय पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही अनीता सिन्हा अध्यक्ष महिला समिति अंचल महासमुंद ने वात्सल्य संच कुटीर उद्यो ग सत्संग एवं आरोग्य योग केंद्र के विषय पर व्याख्यान दिए। जीकेवी के महत्व, स्नेह संपर्क परिवार की भूमिका, आचार्य डायरी, उपस्थिति पत्रक के बारे में संभाग कार्यालय प्रमुख गब्बर सिंह मरकाम ने जानकारी दी। विद्यालय ग्राम प्रवास विषय को सुशीला नाग संभाग महिला प्रमुख छत्तीसगढ़ ने समझाया। स्नेह संपर्क परिवार का महत्व और दायित्व को राजश्री ठाकुर एसएसपीएम ने लिया। आचार्य के गुण चयन अपेक्षाएं विषय को कृष्णा चंद्राकर एसएसपीएम ने बताया। महिला विभाग की भूमिका, कार्यक्रम एवं उत्सव को संध्या शर्मा संभाग समिति सदस्य ने विषय प्रतिपादन किया। वर्ग समापन सत्र के मुख्य अतिथि ज्योति लड्ढा जिलाध्यक्ष महेश्वरी समाज महिला समिति जिला महासमुंद ने समाज में महिला संगठन की भूमिका पर प्रकाश डाला। महेश्वरी समाज से आए महिलाओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए। आभार प्रदर्शन अंचल समिति के अध्यक्ष धर्मेंद्र डड़सेना अधिवक्ता ने किया। कार्यक्रम का संचालन यशोदा चौहान एवं कृष्णा चंद्राकर एसएसपीएम ने किया। यह जानकारी धन्यवाद धर्मेंद्र डड़सेना महासमुंद ने दी है।



